आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 04.06.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डीबीटी के माध्यम से नौ लाख 74 हजार से अधिक लाभार्थियों के खातों में 176 करोड़ 59 लाख की पेंशन राशि हस्तांतरित की।
- कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आपदा प्रभावित कार्लीगाड़ क्षेत्र का दौरा कर राहत और पुनर्वास कार्यों का जायजा लिया।
- मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने बजरंग सेतु और हिलान्स हिमालयन भोजनालय का निरीक्षण कर विकास कार्यों और स्थानीय आजीविका गतिविधियों की समीक्षा की।
- हरिद्वार जिले में कांवड़ यात्रा और कुंभ मेले को देखते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज डीबीटी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के तहत प्रदेश के नौ लाख 74 हजार से अधिक लाभार्थियों के खातों में पेंशन राशि का हस्तांतरण किया। देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय सामूहिक जागरूकता अभिमुखीकरण कार्यक्रम में लाभार्थियों के खाते में 176 करोड़ 59 लाख की धनराशि का हस्तांतरण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नशा मुक्त अभियान और वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान और देखभाल की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला सामाजिक कल्याण योजनाओं को समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। श्री धामी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव, देरी और बाधा के योजनाओं का लाभ प्रदान करना है।

3–बी गार्डन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास परिसर स्थित राजकीय उद्यान, सर्किट हाउस में विकसित किए जा रहे 3–बी गार्डन यानी बी–फ्रेंडली, बटरफ्लाई–फ्रेंडली और बर्ड–फ्रेंडली गार्डन के निर्माण कार्य का शुभारम्भ, कृष्णा वट के पौधे का रोपण कर किया। इस उद्यान का विकास मधुमक्खियों, तितलियों और पक्षियों के संरक्षण व संवर्धन को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। इसके तहत परागण और जैव विविधता को बढ़ावा देने वाले विभिन्न प्रकार के पौधों का व्यापक स्तर पर रोपण किया जा रहा है। उद्यान के आसपास कीटनाशकों और अन्य हानिकारक रसायनों के उपयोग को प्रतिबंधित रखा जाएगा, जिससे प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित रखा जा सके। इस विशेष उद्यान के बन जाने से मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहन मिलने के साथ–साथ जैव विविधता के संरक्षण व संवर्धन में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। साथ ही आमजन में पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी यह उद्यान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उद्यान में जामुन, शहतूत, सहजन, तुलसी और सूरजमुखी सहित कई प्रजातियों के पौधों का मिश्रित रूप से रोपण किया जा रहा है।

कार्लीगाड़ निरीक्षण

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज मसूरी विधानसभा के आपदा प्रभावित कार्लीगाड़ क्षेत्र का दौरा कर राहत और पुनर्वास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने देहरादून के जिलाधिकारी को कार्लीगाड़ क्षेत्र में जमा आपदा के मलबे को आगामी 15 दिनों के भीतर पूरी तरह हटाए जाने और भविष्य में किसी प्रकार की क्षति से बचाव के लिए मलबे का वैज्ञानिक ढंग से चैनलाइजेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा

उन्होंने जिलाधिकारी को कार्लीगाड़ के आपदा प्रभावित परिवारों के सुरक्षित पुनर्वास के लिए शीघ्र प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार, आपदा प्रभावित लोगों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है।

आयुक्त निरीक्षण

गढ़वाल मंडल के आयुक्त आनंद स्वरूप ने आज जिला चिकित्सालय, पौड़ी का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सा सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं की समीक्षा की तथा अस्पताल प्रशासन को व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा उपकरणों, स्वास्थ्य सेवाओं और मरीजों को प्रदान की जा रही सुविधाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक संसाधनों के बेहतर उपयोग पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अस्पताल में अग्नि सुरक्षा ऑडिट कराए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक लिया।

मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने आज टिहरी गढ़वाल के तपोवन स्थित बजरंग सेतु का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सेतु परियोजना की प्रगति और सुरक्षा मानकों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने नरेंद्रनगर विकासखंड के प्लास्डा स्थित हिलान्स हिमालयन भोजनालय का निरीक्षण भी किया। मुख्य सचिव ने भोजनालय परिसर के आसपास ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण सुनिश्चित करने और मेनू को स्पष्ट व सुव्यवस्थित रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए, जिससे पर्यटकों और आगंतुकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर पर्यटन और आजीविका से जुड़े ऐसे प्रयासों को और अधिक सशक्त किया जाएगा, जिससे क्षेत्रीय विकास को गति मिल सके।

राहुल गांधी

कांग्रेस के शीर्ष नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि उत्तराखंड के प्राकृतिक संसाधनों का बाहर के लोग उपयोग कर रहे हैं और प्रदेश सरकार को रिमोट कंट्रोल के जरिए दिल्ली से चलाया जा रहा है। वे आज अल्मोड़ा की एक जनसभा को फोन से संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस नेता को आज अल्मोड़ा में जनसभा को संबोधित करना था, लेकिन खराब मौसम के कारण पंतनगर से उनका हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी शैलजा ने बताया कि श्री गांधी ने अपने संबोधन में देश की आर्थिक स्थिति और पेपर लीक समेत कई अन्य मामलों को लोगों के समक्ष रखा।

वहीं, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने दावा किया कि प्रदेश की जनता कांग्रेस की राजनीति को नकार चुकी है और भाजपा विकास के मुद्दों पर लगातार जनता का विश्वास जीत रही है।

अतिक्रमण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर हरिद्वार जिले में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज नगर मजिस्ट्रेट हर गिरी के नेतृत्व में ललतारौ पुल से अपर रोड क्षेत्र में अतिक्रमण हटाया गया।

नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि आगामी कांवड़ यात्रा और कुंभ मेले को देखते हुए यह अभियान शुरू किया गया है, ताकि मेले से पहले शहर को साफ और सुंदर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

हरित योग

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के काउंटडाउन कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत आज चम्पावत जिले जिले के घटोत्कच मंदिर परिसर में हरित योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला नोडल अधिकारी डॉ. उमेश भारती ने बताया कि कार्यक्रम में योग अनुदेशकों ने लोगों को योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कराने के साथ ही शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूक किया।